दिनांक : 03.05.2025

समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- मंदसौर में आज कृषि उद्योग समागम का होगा आयोजन, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे शुभारंभ।
- वेव्स 2025 में, क्रिएट इन इंडिया चैलेंज में 32 अलग-अलग प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया सम्मानित।
- जल गंगा संवर्धन अभियान में अब तक 21 लाख से ज्यादा नागरिक हुए शामिल, बैतूल और धार सहित कई जिलों ने हासिल की उपलब्धियां।
- आईपीएल में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना चेन्नई सुपर किंग्स से होगा।

कृषि मेला

मंदसौर में आज कृषक कल्याण को समर्पित 'कृषि उद्योग समागम-2025' आयोजन किया जा रहा है। इस एक दिवसीय समागम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी उन्नयन पर केन्द्रित है।

समागम स्थल पर देश के कृषि और उद्यानिकी के क्षेत्र में आधुनिक यंत्रों, उपकरणों का उत्पादन करने वाली इकाइयों द्वारा स्टॉल लगाये जायेंगे। कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, कृषि अभियांत्रिकी एमएसएमई, मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन, एमपी एग्रो सहित राज्य सरकार के कई अन्य विभाग एवं संस्थान भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

वेव्स समिट-क्रिएट इन इंडिया चैलेंज

मुंबई में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट सम्मेलन-वेव्स 2025 में, क्रिएट इन इंडिया चैलेंज का पहल सत्र कल संपन्न हो गया। इसके अंतर्गत 32 अलग-अलग प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इन प्रतियोगिताओं में 60 से अधिक देशों के एक हजार सौ से अधिक अंतरराष्ट्रीय

प्रतिभागियों के साथ एक लाख से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताया।

सम्मेलन में संगीत की वाह उस्ताद श्रेणी के विजेता अबाद अहमद ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि वेव्स ने शास्त्रीय संगीत के विकास और प्रचार के लिए एक मंच प्रदान किया है।

वेव्स समिट-सामुदायिक रेडियो

मुंबई में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट-वेव्स 2025 के तीसरे दिन आज सामुदायिक रेडियो पर राष्ट्रीय सम्मेलन होगा। इसमें नवीनतम रुझानों, नीतियों और कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श होगा। इसका उद्देश्य लोगों को सशक्त बनाना और स्थानीय समुदाय के साथ अधिक प्रभावी ढंग से जुड़ने की क्षमता में वृद्धि करना है। इस बीच, सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन आज भारत की लाइव इवेंट अर्थव्यवस्था: एक रणनीतिक विकास अनिवार्यता शीर्षक से अपनी तरह का पहला श्वेत पत्र जारी करेंगे।

जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में अब तक 21 लाख नागरिकों की सहभागिता सामने आई है। इसके अलावा, खेत-तालाब के माध्यम से एक लाख हेक्टेयर सिंचाई सुविधा का सृजन करने में सफलता मिली है। जल गंगा संवर्धन अभियान में कूप रीचार्ज कार्य में बैतूल जिला प्रदेश में प्रथम है। खंडवा द्वितीय और छिंदवाड़ा तृतीय स्थान पर है। अमृत सरोवर निर्माण में धार प्रथम है। सीधी द्वितीय स्थान और छिंदवाड़ा तृतीय स्थान पर है। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 अप्रैल की एक माह की अवधि में 7 हजार 339 पुराने जल संरक्षण कार्य पूर्ण किए गए हैं।

राष्ट्रपति बुजुर्ग

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि वरिष्ठ नागरिक परिवार का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और वे परिवार के लिए भावनात्मक स्तंभ की तरह काम करते हैं। राष्ट्रपति

भवन में एजिंग विद डिग्निटी नामक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि समाज के मार्गदर्शन के लिए वरिष्ठ नागरिकों की सलाह महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

जबलपुर दीक्षांत समारोह

मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्व विद्यालय जबलपुर का द्वितीय दीक्षांत समारोह आज होगा। कार्यक्रम नेताजी सुभाषचंद्र बोस सांस्कृतिक एवं सूचना केंद्र में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। कुलसचिव डॉ. पुष्पराज सिंह बघेल ने बताया कि द्वितीय दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल मंगुभाई पटेल करेंगे। समारोह में 32 हजार छात्रों की उपाधि मान्य की जाएगी। 76 छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे।

कृषि पम्प कनेक्शन

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अपने कार्य क्षेत्र में ग्रामीण एवं कृषि उपभोक्ताओं को अब मात्र पांच रुपये में स्थायी कृषि पंप कनेक्शन उपलब्ध करा रही है। अब तक इस योजना का लाभ 16 हजार 545 ग्रामीण कृषकों को मिल चुका है। कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने कहा है कि 4 हजार ग्रामीण उपभोक्ताओं ने भी मात्र 5 रुपये में घरेलू नवीन विद्युत कनेक्शन लिया है।

विदेशी मुद्रा भंडार

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 25 अप्रैल को समाप्त हुए सप्ताह में एक अरब 98 करोड डॉलर की वृद्धि हुई है और यह बढकर छह खरब 88 अरब 13 करोड डॉलर हो गया है। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक पूरक आंकडों के अनुसार पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में दो अरब 17 करोड डॉलर की वृद्धि हुई और यह पांच खरब 80 अरब 60 करोड डॉलर तक पहुंच गया। हालांकि स्वर्ण भंडार में बीस करोड सत्तर लाख डॉलर की कमी आई और यह घटकर 84 अरब 37 करोड डॉलर हो गया।

आईपीएल-क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में प्रतियोगिता में आज बैंगलुरू में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू का सामना चेन्नई सुपर किंग्स से होगा। यह मैच शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा। वहीँ, कल रात अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 38 रन से हरा दिया। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 224 रन बनाए। 225 रन के लक्ष्य के जबाव में हैदराबाद की टीम 6 विकेट पर 186 रन ही बना सकी।

अब कुछ समाचार संक्षेप में ......

- खरगौन में खेल एवं युवक कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि भारत की सेना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में आतंकवादी गतिविधियों को लेकर पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देगी।
- राजगढ़ जिले के पचोर पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कचनारिया, सुस्तानी में पाँच दिवसीय भारत स्काउट एवं गाइड राज्य पुरस्कार, प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का उद्घाटन सांसद रोडमल नागर ने किया।
- रायसेन में जिला पंचायत कार्यालय में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय लाड़ली लक्ष्मी उत्सव सम्पन्न हुआ।
- गुना में मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आपदा प्रबंधन के तहत वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से राज्य स्तरीय टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया गया।
- डिन्डोरी जिले में 5 मई से 5 जून तक एक माह का ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।
- मन्दसौर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 07 मई तक श्रमिक विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है।
- आगरमालवा के शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में आयोजित हुई एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में विद्यार्थियों को विभिन्न कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया।